an>

Title: Need to fill-up the post of Director in AIIMS, Bhopal, Madhya Pradesh.

श्री आलोक संजर (भोपाल): भोपाल में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में निदेशक एम्स का पद अभी तक रिक्त पड़ा है। यद्यपि रायपुर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स के निदेशक को इसका अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। परन्तु इससे संस्थान के दैनिक परिचालन में अत्यधक असुविधा हो रही है। इसके अलावा अस्पताल में उपकरणों एवं डॉक्टरों के अभाव के कारण यह अस्पताल सिर्फ आंशिक रूप से कार्य कर पा रहा है। मैं मंत्री महोदय से विनम्र निवेदन करना चाहता हूं कि भोपाल एम्स में निदेशक पद पर शीघ्रातिशीघ्र नियुक्ति की जाय। उपकरणों को सुलभ कराने के साथ-साथ डाक्टरों के सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति करने की नितांत आवश्यकता है, जिससे भोपाल एम्स पूर्णरूप से कार्य कर सकें।